## न्यूज डायरी



### नेपाली शेरपा महिला लक्पा ने 10वीं बार फतह की एवरेस्ट चोटी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** काठमांडू। नेपाली शेरपा महिला ने गुरुवार को दुनिया की सबसे ऊंची चोटी एवरेस्ट को सर्वाधिक बार फतह करने के अपने की रेकॉर्ड को तोड़ दिया। शेरपा के भाई और अभियान आयोजक मिंगमा गेलू ने कहा कि लक्पा शेरपा और कई अन्य पर्वतारोहियों ने 8,849 मीटर (29,032 फुट) ऊंचे शिखर पर पहुंचने के लिए अनुकूल मौसम का फायदा उठाया। उन्होंने कहा कि वह (शेरपा) स्वस्थ हैं और सुरक्षित नीचे उतर रही हैं। जीवन के 48 बसंत देख चुकीं लक्पा शेरपा को कभी औपचारिक शिक्षा प्राप्त करने का मौका नहीं मिला, क्योंकि उन्हें चढ़ाई करने के लिए गियर और ट्रेकर्स की आपूर्ति कर जीविकोपार्जन करना पड़ता था। गुरुवार की सफल चढ़ाई उनकी दसवीं चढ़ाई थी। शेरपा ने हमेशा कहा है कि वह सभी महिलाओं को प्रेरित करना चाहती हैं, ताकि वे भी अपने सपनों को जी सकें। नेपाल की रहने वाली शेरपा अपने तीन बच्चों के साथ वेस्ट हार्टफोर्ड, कनेक्टिकट, अमेरिका में रहती हैं।

### श्रीलंका के राष्ट्रपति का पद छोड़ने से इन्कारय कोलंबो में सेना तैनात

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कोलंबो। अपनी आजादी के बाद के सबसे भीषण आर्थिक संकट से निपटने में श्रीलंका सरकार की विफलता के खिलाफ जारी विरोध प्रदर्शनों के बीच राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षे ने पद छोड़ने से इन्कार कर दिया। हालांकि उन्होंने इसी हफ्ते नया प्रधानमंत्री और युवा कैबिनेट नियुक्त करने का वादा किया जिसमें राजपक्षे परिवार का कोई सदस्य शामिल नहीं होगा। इससे पहले हालात से निपटने और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा बलों ने बख्तरबंद वाहनों में देशभर में गश्त की। राजधानी कोलंबो की सड़कों और उसके उपनगरों में सेना भी तैनात की गई है। सुरक्षा बलों के पास सार्वजनिक संपत्ति लूटने या नुकसान पहुंचाने वालों को देखते ही गोली मारने के आदेश हैं। पूर्व प्रधानमंत्री रानिल विक्रमसिंघे से मुलाकात के बाद देर रात राष्ट्र के नाम संबोधन में राष्ट्रपति गोटाबाया ने कहा कि नए प्रधानमंत्री और सरकार की नियुक्ति के बाद संविधान के 19वें संशोधन को मूर्त रूप देने के लिए एक संविधान संशोधन लाया जाएगा जिसके जरिये संसद को अधिक अधिकार दिए जाएंगे।

### महिलाओं को पीरियड के असहनीय दर्द में मिलेगी काम से छुट्टी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मैड्रिड। पीरियड के दौरान महिलाओं को तेज दर्द का सामना करना पड़ता है। अक्सर यह दर्द उनकी प्रोफेश्नल और पर्सनल लाइफ को भी प्रभावित करता है। स्पेन पहला ऐसा पश्चिमी देश बनने जा रहा है जो पीरियड के दर्द के चलते महिलाओं को मेंस्ट्रुअल लीव ऑफर करेगा। यह छुट्टी हर महीने तीन दिन की हो सकती है। स्पेन के Cadena Ser रेडियो स्टेशन के मुताबिक स्पेन की सरकार इस फैसले पर मोहर लगाने जा रही है। डेलीमेल की खबर के अनुसार जापान, साउथ कोरिया, इंडोनेशिया और जाम्बिया जैसे दूसरे देश पहले ही महिलाओं के लिए मेंस्ट्रुअल लीव को मंजूरी दे चुके हैं। मंगलवार को स्पेन की अगली कैबिनेट बैठक में पारित होने वाले इस सुधार पैकेज के तहत, स्कूलों को जरूरतमंद लड़कियों के लिए सैनेटरी पैड की व्यवस्था करनी होगी।

### रूस के बजाय अमेरिका के हथियारों को चुने भारत


**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वाशिंगटन। भारत बड़े पैमाने पर हथियारों के लिए रूस पर निर्भर है। भारत की वायुसेना, नौसेना और थलसेना के लगभग 85 फीसदी हथियार रूस में बने हैं। भारत न सिर्फ रूसी हथियारों का सबसे बड़ा खरीदार है बल्कि उसके रक्षा सामान का 60 फीसदी हिस्सा रूस से आता है। भारतीय मूल के एक अमेरिकी सांसद ने इस पार्टनरशिप का विरोध करते हुए अमेरिका से भारत को रक्षा क्षेत्र में सहयोग करने की मांग की है। सांसद ने बाइडन प्रशासन से इस दिशा में जरूरी कदम उठाने के लिए भी कहा है। भारतीय–अमेरिकी सांसद रो खन्ना ने अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन द्वारा भारत को और सामरिक हथियार मुहैया कराने की जरूरत की मंगलवार को वकालत की।

# फिनलैंड ने कर दिया सदस्यता का ऐलान, क्यों टेंशन में पुतिन?

झटका

## रूस के दरवाजे पर दोगुनी होगी नाटो की ताकत!





**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

हेल्सिंकी। फिनलैंड के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने गुरुवार को कहा कि उनका देश उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) में शामिल होने के लिए आवेदन देने का समर्थन करता है, जिससे यूक्रेन में रूस के आक्रमण के बीच गठबंधन के विस्तार का रास्ता साफ हो गया है। देश के राष्ट्रपति सौली नीनिस्टो और प्रधानमंत्री सना मरीन की इस घोषणा का मतलब है कि फिनलैंड ने नाटो की सदस्यता लेने का अब पूरी तरह मन बना लिया है।

हालांकि आवेदन प्रक्रिया शुरू होने से पहले कुछ कार्रवाई अभी बाकी हैं। यह फैसला रूस के लिए चिंताजनक हो सकता है जो नाटो के पूर्व में विस्तार का विरोध करता आया है। पड़ोसी देश स्वीडन भी आने वाले दिनों में नाटो में शामिल होने पर फैसला कर सकता है। नीनिस्टो और मरीन ने एक संयुक्त बयान में कहा, अब जब फैसला करने की घड़ी नजदीक आ गई है, हम संसदीय समूहों और राजनीतिक दलों को जानकारी देने के लिए हमारे समान विचार साझा कर रहे हैं।

**दोगुनी हो जाएगी रूस के साथ नाटो की सीमाः** उन्होंने कहा, नाटो के सदस्य के तौर पर, फिनलैंड पूरे रक्षा गठबंधन को मजबूत करेगा। फिनलैंड को बिना किसी देरी के नाटो की सदस्यता हासिल करने के लिए आवेदन देना चाहिए। बयान में कहा गया, श्हम उम्मीद करते हैं कि इस निर्णय को अंजाम तक पहुंचाने के लिए आवश्यक कार्रवाई आने वाले कुछ दिनों में जल्द से जल्द पूरी की जाएगी। अगर फिनलैंड नाटो में शामिल होता है तो रूस से लगने वाली नाटो सीमा दोगुनी से अधिक हो जाएगी।

**नाटो में शामिल होने की इच्छा बनी यूक्रेन के लिए घातकः** पुतिन यूरोप के इस बदलते सुरक्षा समीकरण का विरोध करते हैं। पिछले साल यूक्रेन ने भी नाटो में शामिल होने की इच्छा जताई थी जिसका परिणाम एक लंबे तनाव के बाद युद्ध के रूप में सभी के सामने आया। यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद फिनलैंड और स्वीडन में जनता रातोंरात नाटो सदस्यता के समर्थन में आ गई। दोनों ही देश आधिकारिक गुटनिरपेक्षता के बावजूद पिछले तीन दशक से नाटो के करीबी सहयोगी हैं।

**स्वीडन-फिनलैंड नाटो को करेंगे मजबूत** यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने कहा कि अगर यूक्रेन युद्ध से पहले नाटो का हिस्सा होता तो कोई युद्ध नहीं होता। यूक्रेन, जॉर्जिया और हर्जेगोविना के विपरीत फिनलैंड और स्वीडन के औपचारिक रूप से आवेदन के बाद अपेक्षाकृत तेजी से गठबंधन में शामिल होने की उम्मीद है। स्वीडन के पास यूरोप में सबसे मजबूत वायु सेना है। अगर स्वीडन और फिनलैंड नाटो में शामिल होते हैं तो ये बाल्टिक क्षेत्र में नाटो की उपस्थिति को नाटकीय रूप से मजबूत करेंगे।

## नौसैनिक अड्डे को तबाह करने का किया अभ्यास

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बीजिंग। ताइवान से लेकर लद्दाख तक आंखें दिखा रहे चीनी ड्रैगन ने अब रेगिस्तान के अंदर गुपचुप तरीके से एयरक्राफ्ट कैरियर को मिसाइलों की बारिश करके तबाह करने का अभ्यास किया है। यह जोरदार अभ्यास चीन के ताकमालकान रेगिस्तान में किया गया है जो भारतीय सीमा से मात्र 600 किमी की दूरी पर है। माना जा रहा है कि ताइवान पर अमेरिकी एयरक्राफ्ट कैरियर से मिलने वाली चुनौती को ध्यान में रखते हुए चीन इस मिसाइल अभ्यास को अंजाम दे रहा है।

चीन की नजर हिंद महासागर पर भी है जहां उसका सीधा मुकाबला भारतीय युद्धपोतों से होगा। सैटलाइट तस्वीरों से खुलासा किया कि चीन की सेना दुश्मन देश के बंदरगाह में खड़े युद्धपोतों को अपनी लंबी दूरी की मिसाइलों से तबाह करने की ताकत का परीक्षण कर रही है। चीन ने इसके लिए रेगिस्तान के अंदर एयरक्राफ्ट कैरियर टारगेट बनाए हैं जिसे वह मिसाइलों से हमला करके तबाह कर रहा है। इसमें नजर आ रहा है कि कई युद्धपोत बंदरगाह के अंदर खड़े हैं। चीन ने दिसंबर में टारगेट एयरक्राफ्ट कैरियर और युद्धपोतों को बनाया था और उसने फरवरी में इसे एक टेस्ट के जरिए तबाह कर दिया।



चीन में तिब्बत एयरलाइंस का विमान रनवे से फिसला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बीजिंग, एजेंसी। दक्षिण–पश्चिम चीन के चोंगकिंग में गुरुवार को एक हवाई अड्डे पर टेक–ऑफ के दौरान एक यात्री विमान के रनवे से फिसल जाने और उसमें आग लगने से कम से कम 40 लोग घायल हो गए। चीन की तिब्बत एयरलाइंस 122 लोगों के साथ एक यात्री विमान में अचानक आग लग गयी। जब विमान गुरुवार को देश के दक्षिण–पश्चिम चोंगकिंग शहर में उड़ान भर रहा था। फ्लाइट राडार24 के अनुसार, उस समय एक तिब्बत एयरलाइंस ।319 उड़ान भर रही थी। फ्लाइट राडार24 द्वारा आखिरी बार प्लेन को ट्रैक किए जाने के एक मिनट बाद रनवे को बंद कर दिया गया था।

## श्रीलंका से अच्छी खबर, भारत के दोस्त रानिल विक्रमसिंघे बनेंगे नए प्रधानमंत्री

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

कोलंबो। श्रीलंका में हिंसक प्रदर्शन के बाद अब हालात बेहतर होते दिखाई दे रहे हैं। राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षे के कार्यकारी शक्तियों को छोड़ने के बाद अब यूएनपी के नेता रानिल विक्रमसिंघे आज प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने जा रहे हैं। यूएनपी ने बताया है कि शाम 6.30 बजे शपथ ग्रहण का कार्यक्रम है। श्रीलंका के राष्ट्रपति गोटाबाया और विक्रमसिंघे के बीच कल शाम को हुई लंबी बातचीत के बाद यह फैसला हुआ। इससे पहले गोटाबाया के भाई महिंदा राजपक्षे ने प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। रानिल विक्रमसिंघे 5 बार श्रीलंका के प्रधानमंत्री रह चुके हैं।

**श्रीलंका की सेना महिंदा राजपक्षे को मुहैया कराएगी सुरक्षा**

रानिल विक्रमसिंघे चीन समर्थक महिंदा राजपक्षे की अपेक्षा भारत के ज्यादा करीब रहे हैं। रानिल के पीएम बनने से उम्मीद है कि भारत के साथ रिश्ते और ज्यादा मधुर होंगे। महिंदा राजपक्षे के इस्तीफे के बाद पूरे देश में जमकर हिंसा हुई थी और प्रदर्शनकारियों ने पूर्व प्रधानमंत्री के पैतृक घर को जला दिया था। यही नहीं महिंदा के आधिकारिक आवास को भी जलाने का प्रयास किया गया था।

डेली मिरर की रिपोर्ट के मुताबिक रानिल विक्रमसिंघे शपथ ग्रहण करने के बाद कोलंबो के एक मंदिर में जाएंगे। इसके बाद वह अपनी जिम्मेदारियों को संभालेंगे। इस बीच श्रीलंका के पूर्व प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे और उनका परिवार तब तक त्रिंकोमाली नौसैनिक अड्डे पर रहेगा, जब तक कि व्यापक हिंसा के बाद द्वीप राष्ट्र में वापस सामान्य स्थिति नहीं हो जाती।

गुणरत्ने ने कहा कि जब देश में स्थिति सामान्य हो जाएगी, तब राजपक्षे को उनके इच्छित स्थान पर ले जाया जाएगा। रक्षा सचिव ने कहा कि चाहे इसमें कितना भी समय लगे, सेना राजपक्षे को तब तक सुरक्षा मुहैया कराएगी, क्योंकि एक पूर्व प्रधानमंत्री के तौर पर वह जीवन भर सुरक्षा के हकदार हैं।

### रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के तल्ख तेवर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मास्को। रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने अपने ऊर्जा संसाधनों को लेकर तल्ख तेवर दिखाए हैं। उन्होंने साफ किया है कि पश्चिमी देशों के अलावा रूस के पास अपने ऊर्जा संसाधनों के लिए पर्याप्त खरीदार हैं। एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान लावरोव ने कहा कि हमारे पास अपने ऊर्जा संसाधनों के पर्याप्त खरीदार हैं और हम उनके साथ काम करेंगे। पश्चिमी देशों पर निशाना साधते हुए लावरोव ने कहा कि उन्हें अब अपनी ईंधन की जरूरतों को पूरा करने के लिए कहीं अधिक मात्रा में खर्च करना पड़ेगा। ऐसे में पश्चिमी देशों को अपने देश को समझाना होगा कि उनके हितों से विपरीत सरकार ने यह फैसला क्यूं किया है। लावरोव ने ओमान के विदेश मंत्री सैय्यद बद्र अल्बुसैदिक के साथ बैठक के बाद एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में यह बात कही है। बता दें, बुधवार को रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने द्विपक्षीय संबंधों, सहयोग और यूक्रेन की स्थिति पर चर्चा करने के लिए ओमान की आधिकारिक यात्रा पर पहुंचे।